तहसील स्तर तक विस्तार हो पत्रकार संगठनों का : लक्ष्मीकांत शर्मा

नए पत्रकारों को प्रशिक्षण दिए जाने की जरूरत पर बल दिया गया

उज्जैन। मध्य प्रदेश के जनसंपर्क एवं संस्कृति मंत्री श्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स को पत्रकारों के कल्याण तथा उनके प्रशिक्षण के लिए अपनी इकाई का विस्तार तहसील स्तर पर करना चाहिए। वर्तमान में कई जिलों में पत्रकार संगठनों का विस्तार नहीं हो पाया है। तहसील स्तर पर भी छोटे-छोटे प्रतिनिधि समाचार संप्रेषण का कार्य कर रहें है किंतु उनके प्रशिक्षण व कल्याण के लिए कोई संगठन नहीं है। उन्होंने कहा कि नए पत्रकारों को प्रशिक्षण देने के लिए पत्रकार संगठनों को कार्य करना चाहिए।

जनसंपर्क एवं संस्कृति मंत्री श्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार व प्रेस के संबंध मधुर हैं। हमारा समन्वय अच्छा है किंतु हम यह चाहते है कि प्रेस अपने धर्म का पालन करें, जहां कहीं गलती नजर आए उसकी ओर शासन का ध्यान आकर्षित करें।

इसके पहले जनसंपर्क मंत्री श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल जैन, विधायक श्री शिवनारायण जागीरदार, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रज्ञानंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्री रासविहारी, प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा, जिला अध्यक्ष श्री सुदर्शन सोनी एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल जैन ने इस मौके पर कहा कि प्रजातंत्र में पत्रकार और पत्रकारिता का कितना महत्व है, यह सभी को पता है। आजादी की लड़ाई में पत्रकारों ने भी अलख जगाई थी। उन्होंने कहा कि समाज के अलग-अलग हिस्से अपनी भूमिका यदि मुस्तैदी से निभाएंगे तो ही देश प्रगति करेगा। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष श्री प्रज्ञानंद चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में समाचार पत्रों के संस्थान व्यावसायिक हो गए है। प्रबंधन का उद्देश्य मुनाफा कमाना ही रह गया है। आम जनता के प्रति इनकी निष्ठा की कोई भावना नही है। ऐसी स्थिति पत्रकारिता के लिए संकट पूर्ण है। यूनियन के माध्यम से पत्रकारों का सशक्तिकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा ने जनसंपर्क मंत्री का कार्यसमिति की बैठक आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस कार्यसमिति में देश केकई राज्यों से सौ से ज्यादा वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए हैं। राष्ट्रीय महासचिव श्री रास विहारी ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यकारिणी की बैठक में एनयूजे ने मीडियाकर्मियों की समस्याओं पर विचार कर आगे की रणनीति तैयार की है।

स्मारिका का विमोचन

राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के समापन अवसर पर हरियाणा में आयोजित किए गए सोलहवें द्विवार्षिक अधिवेशन स्मारिका का विमोचन जनसंपर्क मंत्री श्री लक्ष्मीकांत शर्मा एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे आभार राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रज्ञानंद चौएवं महासचिव श्री राममोहन कुशवाह ने प्रकट किया तथा संचालन श्री शैलेंद्र व्यास ने किया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह डॉ. नवीन जोशी द्वारा प्रदान किए गए।

उज्जेन में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन मौके पर मध्य प्रदेश के जनसंपर्क एवं संस्कृति मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा दीप प्रज्जवलित करमे हुए। साथ में राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष बाबूलाल जैन एवं एनयूजे के पदाधिकारी।